श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली – 110016

रिसर्च पॉलिसी

(Research Policy)

सत्यापित
VERIFIED

Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

विद्यावारिधि (पीएच.डी.) उपाधि–विनियम

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड)–विनियम, 2022

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, (1956 का 3) की धारा 26 की उप–धारा (1) के अनुच्छेद (च) एवं (छ) के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए और यूजीसी (एम.फिल./पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड और प्रक्रिया) विनियम, 2016 और इसके संशोधनों के प्रतिस्थापन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी विनियम 2022 के अनुपालन में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा विद्यावारिधि हेतु निम्नलिखित नियम निर्धारित किये गये हैं।

1.0. लघु शीर्ष, अनुप्रयोग एवं प्रवर्तन

1.1 इन विनियमों को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) विद्यावारिधि (पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड)–विनियम, 2022 कहा जाएगा।

1.2. विश्वविद्यालय की शोध उपाधि का नाम 'विद्यावारिधि (पीएच.डी.)' होगा। इस उपाधि की स्पष्टता के लिये विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित–प्रारूप में निर्गत किये जाने वाले प्रमाणपत्र में आंग्लभाषा में पीएच.डी. (Doctor of Philosophy) लिखा जायेगा। प्रमाणपत्र का प्रथमभाग संस्कृत में और द्वितीयभाग अंग्रेजी में होगा। प्रमाणपत्र में शोधशीर्षक और विषय का उल्लेख किया जायेगा। प्रमाणपत्र में यह भी उल्लिखित होगा कि विद्यावारिधि की उपाधि 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदंड और प्रक्रिया) विनियम, 2022 के प्रावधानों के अनुरूप' प्रदान की जा रही है।

1.3 ये विनियम भारत के राजपत्र में अधिसूचित किए जाने की तिथि 07.11.2022 से लागू माना जाएगा।

2.0. विद्यावारिधि–पाठ्यक्रम में पात्रता मानदंडः–

2.1 श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रवेश–परीक्षा या राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा के परिणाम, तथा विभागीय शोध–प्रवेश–समिति एवं शोध–मण्डल के माध्यम से होगा।

2.2 4–वर्षीय / 8–सेमेस्टर स्नातक उपाधि कार्यक्रम के बाद 1 वर्ष / 2 सेमेस्टर स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम अथवा 3 वर्षीय/6 सेमेस्टर स्नातक उपाधि कार्यक्रम के बाद 2 वर्षीय / 4 सेमेस्टर स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम अथवा संबंधित सांविधिक निकाय द्वारा स्नातकोत्तर उपाधि के समकक्ष घोषित योग्यताएं, जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाता है, अथवा एक मूल्यांकन और प्रत्यायन एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त ऐसे विदेशी शैक्षणिक संस्थान से समकक्ष योग्यता जो किसी प्राधिकरण द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त या अधिकृत है में कम से कम 55 अंको के साथ या इसके समकक्ष ग्रेड में एक बिंदु पैमाने पर अथवा ऐसे प्रत्यायित विदेशी शैक्षिक संस्थान से समकक्ष उपाधि प्राप्त की हो, जो कि किसी आकलन एवं प्रत्यायन एजेंसी द्वारा प्रत्यायित है, जोकि शैक्षिक संस्थानों की गुणवत्ता एवं मानकों को सुनिश्चित करने एवं उनके आकलन प्रत्यायन हेतु ऐसे किसी साविधिक प्राधिकरण द्वारा अथवा ऐसे एक प्राधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रत्यायित है जो कि उस देश में किसी कानून के अन्तर्गत स्थापित अथवा निगमित है।

2.3 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) / दिव्यांग व्यक्ति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस) और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों को समय समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्णय के अनुसार 5 प्रतिशत अंकों अथवा ग्रेड में समतुल्य छूट प्रदान की जा सकती है।

बशर्ते, 4 वर्षीय / 8– सेमेस्टर स्नातक उपाधि कार्यक्रम के बाद प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार के न्यूनतम 55 अंक होने चाहिए या इसके समकक्ष ग्रेड एक पॉइट स्केल में जहां भी ग्रेडिंग

सत्यापित
VERIFIED

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सिस्टम का पालन किया जाता है अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) / दिव्यांग व्यक्ति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए समय समय पर आयोग के निर्णय के अनुसार 5 अंको या ग्रेड में समतुल्य की छूट की अनुमति प्रदान की जा सकती है।

3.1. **पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता मानदण्ड एवं अन्य प्रक्रियाः–**

प्रवेश यू.जी.सी. और अन्य संबंधित वैधानिक /नियामक निकायों द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों/मानदंडों को ध्यान में रखते हुए और केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए आरक्षण नीति का पालन करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित मानदंडों पर आधारित होगा।

पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश निम्नलिखित विधियों का उपयोग करके किया जा सकता है।

(क) विश्वविद्यालय द्वारा साक्षात्कार के आधार पर यू.जी.सी. नेट/जे.आर.एफ. और इसी तरह के राष्ट्रीय स्तर के परीक्षाओं में अध्येतावृत्ति/छात्रवृत्ति के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रवेश दिया जा सकता है।

और/या

(ख) प्रवेश–हेतु अभ्यर्थी को द्विचरणीय–प्रकिया का अनुपालन करना होगा। प्रवेश–परीक्षा–अंक पाठ्यविवरण में 50 प्रतिशत शोध–पद्धति तथा 50 प्रतिशत विशिष्ट शास्त्र सम्बन्धी–विषय के प्रश्न पूछे जाएंगे।

(ग) प्रवेश परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिये बुलाये जाने के पात्र होंगे।

(घ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर लिये गये निर्णयों के अनुसार अनुसुचित जाति/अनुसुचित जनजाति/अन्य पिछड़ वर्ग/दिव्यांग वर्ग, अर्थिक कमजोर वर्ग श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिये प्रवेश परीक्षा में 05 प्रतिशत अंको की छूट प्रदान की जायेगी।

(ङ) विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर उम्मीदवारों के चयन के लिये प्रवेश परीक्षा के लिये 70 प्रतिशत और साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा में प्रदर्शन के लिये 30 प्रतिशत का महत्व दिया जायेगा।

संबंधित आवेदक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित नेट/जे.आर.एफ. कोड संख्या के अनुसार संबंधित विषय में ही नेट/जे.आर.एफ. की परीक्षा उत्तीर्ण हो। (शिक्षा–09, संस्कृत–25, जैन–60, संस्कृत परंपरागत–73, प्राकृत–91, योग–100) नियमानुसार संबंधित विषय में जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को संबंधित विभाग के अन्तर्गत संबंधित विषय में ही प्रवेश दिया जाएगा।

3.2 प्रवेश–हेतु सीटों की संख्या, उपलब्ध सीटों का विषय/विषयवार संवितरण, प्रवेश का मानदण्ड, परीक्षा प्रकिया एवं प्रवेश–परीक्षा आयोजन केन्द्र आदि का विवरण प्रवेश–पुस्तिका में प्रदान किया जायेगा।

3.3. विद्यावारिधि–पाठ्यक्रम में प्रवेश, विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित–मानदण्ड के आधार पर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं अन्य संबंधित सांविधिक–निकायों द्वारा इस संबंध में जारी किए गये दिशानिर्देशों/मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर केन्द्र–सरकार की आरक्षण–नीति के अनुसार किये जाएंगे ।

3.4. प्रवेश–परीक्षा विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से अधिसूचित–केन्द्र पर आयोजित की जायेगी।

3.5. विश्वविद्यालय द्वारा अपनी वेबसाईट पर पीएच.डी. के लिए पंजीकृत सभी छात्रों की सूची का रखरखाव वार्षिक आधार पर किया जाएगा। सूची में पंजीकृत–शोधछात्र का नाम, उसके शोध का विषय, उसके पर्यवेक्षक/सह–पर्यवेक्षक, नामांकन/पंजीकरण की तिथि का विवरण होगा।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब संस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब संस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

पंजीकृत–शोधछात्रों से सम्बन्धित वार्षिक–सूची की एक प्रति समस्त–विभागाध्यक्षों और पीठ प्रमुखों के पास भी संरक्षित होगी।

3.6. विद्यावारिधि में पंजीकरण के लिये संस्तुत छात्र को शोध–मण्डल द्वारा निर्धारित विषय–विशेषज्ञ शोध–निर्देशक के अन्तर्गत शोधकार्य करने की अनुमति प्रदान की जायेगी, किसी भी अध्यापक को निर्धारित–संख्या से अधिक विद्यावारिधि में प्रवेश–प्राप्त छात्रों को निर्देशित करने की अनुमति नहीं होगी।

3.7. **विद्यावारिधि–उपाधि के लिये किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / मानित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में नियुक्त अध्यापक को भी प्रवेश–प्रक्रिया में सम्मिलित होना आवश्यक होगा। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय आवेदक को सम्बन्धित संस्था द्वारा जारी अन्नापति प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा पंजीकरण के समय अवकाश स्वीकृति पत्र भी कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा किसी भी परिस्थिति में पंजीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।**

ऐसे अभ्यर्थियों का शोध में पंजीकरण शोध सलाहकार समिति की अनुशंसा के उपरान्त केन्द्रीय–शोध–मण्डल में दिये गये साक्षात्कार एवं शोध सम्बन्धी प्रस्तुति की गुणवत्ता पर शोध–मण्डल की संस्तुति के आधार पर किया जायेगा। ऐसे अध्यापकों को निर्धारित–शोध–पाठ्यक्रम में भाग लेना और सम्बन्धित सत्रीय–परीक्षा उत्तीर्ण करना भी अनिवार्य होगा।

सम्बन्धित विश्वविद्यालय/ मानित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से निर्धारित सत्रीय पाठ्यक्रम अवधि के लिये अध्ययन अवकाश लेना भी अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय के नियमित अध्यापकों/शोध–सहायकों/अर्धशैक्षिक संवर्ग/अन्य कर्मचारियों को भी सत्रीय पाठ्यक्रम के लिए अध्ययन–अवकाश लेना अनिवार्य होगा।

3.8. शोध के लिये निर्धारित शोध–निर्देशक, यदि आवश्यक होगा तो सह–शोध निर्देशक की नियुक्ति के लिये केन्द्रीय–शोध–मण्डल के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है और शोध–मण्डल की स्वीकृति के उपरान्त सह–शोध–निर्देशक की नियुक्ति को कुलपति द्वारा अनुमति प्रदान की जायेगी।

3.9. विद्यावारिधि–हेतु पंजीकृत छात्र के लिये सत्रीय पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। सत्रीय–परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये छात्र द्वारा 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। यदि कोई छात्र/छात्रा 75 प्रतिशत की निर्धारित–उपस्थिति अस्वस्थता के कारण पूर्ण नहीं कर पाता/पाती है तो आवश्यक प्रमाणपत्र और पाठ्यक्रम में उसकी दक्षता को ध्यान में रखते हुये उपस्थिति दिवसों में अधिकतम 10 प्रतिशत तक की छूट कुलपति द्वारा दी जा सकती है। सत्रीय पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने के उपरान्त ही शोध पंजीकरण को नियमित स्वीकार किया जायेगा। सत्रीय पाठ्यक्रम की परीक्षा की उत्तीर्णता के पूर्व शोध–पंजीयन पूर्णतः अस्थायी होगा।

3.10. सत्रीय–पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने के उपरान्त शोध छात्र अपने शोध–शीर्षक में अपेक्षित संशोधन के लिये, यदि आवश्यक हो तो, शोध–निर्देशक की संस्तुति के साथ विभागाध्यक्ष एवं पीठम्प्रमुख के माध्यम से कुलपति के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

3.11. पाठ्यक्रम की अवधि

विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यकम की अवधि कम से कम तीन वर्ष की होगी, जिसमें पाठ्यक्रम से संबंधित कार्य (कोर्स वर्क) भी शामिल होगा तथा (पीएच.डी.) कार्यक्रम में प्रवेश की तिथि से अधिकतम अवधि छह वर्ष होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा अध्यादेश के अनुसार पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से अधिकतम दो (2) वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है, बशर्ते, कि पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश की तिथि से आठ (8) वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

बशर्ते कि, महिला पीएच.डी. शोधार्थियों एवं दिव्यांग व्यक्तियों (40ः से अधिक विकलांगता वाले) को दो (2) वर्षो की अतिरिक्त छूट की अनुमति दी जा सकती है, हालांकि, पीएच.डी. कार्यक्रम पूरा

सत्यापित
VERIFIED

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

करने की कुल अवधि ऐसे मामले में पीएच.डी. ऐसे कार्यक्रम में प्रवेश की तिथि से दस (10) वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

महिला पीएच.डी. शोधार्थियों को पीएच.डी. कार्यक्रम अवधि में एक बार 240 दिनों तक का मातृत्व–अवकाश/शिशु–देखभाल–अवकाश प्रदान किया जा सकता है।

4.0. निष्क्रमण–प्रमाणपत्र

विश्वविद्यालय के पूर्व नियमित–छात्रों के अतिरिक्त शेष सभी पंजीकृत–छात्रों द्वारा प्रवेश के समय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अनुभाग में मूल निष्क्रमण प्रमाणपत्र जमा करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में प्रवेश स्वतः निरस्त मान लिया जायेगा।

5.0. विभागीय शोध समिति

विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश–प्राप्त छात्रों के शोध–विषय का निर्धारण विभागीय शोध–समिति द्वारा किया जायेगा। विभागीय शोध–समिति केन्द्रीय–ग्रंथालय में शोध के लिये आवश्यक–ग्रंथों एवं शोध–पत्रिकाओं आदि की उपलब्धता, पंजीकृत–शोधछात्रों की नियमित–उपस्थिति के प्रति सजग रहेगी। विभागीय शोध–समिति विद्या परिषद/कुलपति के निर्देशानुसार शोध–सम्बन्धी अन्य–कार्यों की भी देखरेख करेगी।

विभागीय–शोध–समिति में कम से कम 5 सदस्य होंगे, जिसका गठन निम्नप्रकार से होगाः

सम्बन्धित पीठप्रमुख	–	अध्यक्ष
सम्बन्धित विभागाध्यक्ष	–	संयोजक
समस्त विभागीय आचार्य	–	सदस्य
सम्बन्धित शोध–पर्यवेक्षक	–	सदस्य

विभाग में अध्यापकों/सदस्यों की संख्या कम होने पर सम्बन्धित पीठप्रमुख आवश्यकतानुसार कुलपति की अनुमति से विश्वविद्यालय के अन्य विभाग या विभागों के विषय–विशेषज्ञ सदस्य को विभागीय शोध–समिति में नामित कर सकते हैं।

5.1 अभ्यर्थी जिस विषय में शोधकार्य करना चाहता हैं, उस विषय के विभागाध्यक्ष से सम्पर्क कर अपने शोधशीर्षक का चयन तथा रूपरेखा आदि का निर्माण निर्धारित–निर्देशों के अनुसार करेगा। अतः अभ्यर्थी मार्गनिर्देशक एवं विषय–निर्धारण के लिए सम्बद्ध–विषय के विभागाध्यक्ष से ही सम्पर्क करेंगे।

5.2. शोध–मण्डल के विचारार्थ प्रस्तुत की जाने वाली शोध–संक्षिप्तिका/प्रपत्र में शोधार्थी और शोधनिर्देशक के हस्ताक्षर, विभागाध्यक्ष की संस्तुति एवं पीठप्रमुखों के प्रति–हस्ताक्षर होने चाहिए।

5.3. प्रवेश–परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के अनुसंधेय विषय तथा शोध–संक्षिप्तिका सम्बद्ध विभागीय शोध–समिति एवं सम्बन्धित–शोध–निर्देशक के द्वारा मौलिक शोध–प्रस्ताव के रूप में संस्तुत होने पर ही छात्र शोध–मण्डल में साक्षात्कार के लिये बुलाये जा सकेंगे।

5.4 शोध–संक्षिप्तिका (Synopsis of the Research) के साथ निम्नलिखित अनुलग्नक अपेक्षित हैंः–

क. शोध–संक्षिप्तिका में विभागाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त प्रस्तावित शोध–निर्देशक की संस्तुति हो।

ख. शोध–संक्षिप्तिका की निर्धारित प्रतियाँ, जिसमें अनुसन्धान के अध्ययन का अभिप्राय हो और स्पष्ट रूप से यह प्रतिपादित हो कि प्रस्तुत शोध–प्रबन्ध में उसका मौलिक–योगदान होगा, अज्ञात–सामग्री को प्रकाशित किया जायेगा अथवा पहले से ज्ञात–तथ्यों की नवीन–व्याख्या की जायेगी। अनुसन्धान विषय की संक्षिप्तिका में प्रस्तावित शोध–योजना, अध्यायीकरण, प्रत्येक अध्याय में विश्लेषित किये जाने वाले सम्भावित विषय, उपकरण, पद्धति, अनुमान, समीक्षात्मक–निष्कर्ष आदि का प्रतिपादन और इसके साथ ही सन्दर्भ–ग्रन्थ–सूची भी अपेक्षित है।

ग. साधारणतः अभ्यर्थी को विद्यावारिधि में प्रवेश के लिए स्नातकोत्तर में पठित–विषय में ही शोधकार्य करने की स्वीकृति दी जाएगी, किन्तु परस्पर मिलते–जुलते विषयों जैसे एक दर्शन से दूसरे दर्शन, पुराण, धर्मशास्त्र, पौरोहित्य, वेद, प्राचीन तथा नव्य–व्याकरण एवं न्याय, सिद्धान्त एवं फलित–ज्योतिष आदि विषयों में एकदूसरे विषय में शोध के लिए शोधमण्डल की अनुमति अपेक्षित

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

है। इस प्रकार अन्तःशास्त्रीय अनुसन्धान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से शोध–मण्डल द्वारा अभ्यर्थी की अपेक्षित–योग्यता से सन्तुष्ट होने पर सम्बन्धित–विषय भी दिया जा सकता है।

5.5. विद्यावारिधि में प्रवेश–अर्हता–स्वीकृति मिलने पर सम्बन्धित शोधछात्र को नियमानुसार पंजीकरण शुल्क और शोध–प्रबन्ध–परीक्षण शुल्क आदि नियत–समय सीमा में जमा कराने होंगे।

6.0. शोध मण्डल:

6.1. प्रत्येक शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध–प्रस्ताव का परिवीक्षण, साक्षात्कार के माध्यम से शोधार्थी के उपस्थापन का परीक्षण एवं शोधकार्य हेतु पंजीयन की संस्तुति शोध–मण्डल द्वारा की जायेगी, जिसका गठन निम्नलिखित सदस्यों से युक्त होगाः–

1.	कुलपति	अध्यक्ष
2.	सभी पीठ प्रमुख	सदस्य
3.	सम्बन्धित विभागाध्यक्ष	सदस्य
4.	सम्बन्धित पीठ के पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष के अतिरिक्त– कुलपति द्वारा मनोनीत आचार्य।	सदस्य
5.	कुलपति द्वारा मनोनीत सम्बन्धित विषयों के सहाचार्य	सदस्य
6.	कुलपति द्वारा मनोनीत बाह्य विशेषज्ञ	सदस्य
7.	विभागाध्यक्ष, शोध	सदस्य–संयोजक
8.	कुलसचिव	सचिव

6.2. कुलपति की अनुपस्थिति में उनके द्वारा मनोनीत व्यक्ति शोध–मण्डल के उपवेशन की अध्यक्षता कर सकेगा। आवश्यकता होने पर शोधमण्डल/मार्ग–निर्देशक को भी परामर्श के लिए आमन्त्रित कर सकेंगे।

6.3. प्रतिवर्ष शोध–मण्डल की एक बैठक अनिवार्य होगी। कुलपति की अनुमति से आवश्यकतानुसार एक से अधिक बैठकें आहूत की जा सकेंगी।

6.4. शोध–मण्डल की बैठक में कम से कम 75 प्रतिशत सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

6.5. कुलपति द्वारा आवश्यकतानुसार किसी अन्य बाह्य–विषय–विशेषज्ञ को सदस्य के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।

6.6. शोध–मण्डल जाँच करेगा कि–

(क.) शोधार्थी का साक्षात्कार लेगा, प्रस्तावित शोध–योजना की गुणवत्ता का परीक्षण करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि शोधार्थी प्रस्तावित शोध के लिये योग्य है।

(ख.) शोध के लिए शोधार्थी द्वारा प्रस्तावित विषय और कार्ययोजना स्तरीय–शोध के अनुरूप है या नहीं।

(ग.) यदि शोध–विषय अनुरूप नहीं है, तो विषय में संशोधन–हेतु सुझाव देगा।

(घ.) शोधार्थी का प्रवेश स्वीकृत होने के पश्चात् अभ्यर्थी, शोधनिर्देशक, विभागाध्यक्ष एवं पीठम् प्रमुख को सूचित कर दिया जाएगा। प्रत्येक पीठम् में सम्बद्ध विभागों के अध्यापक ही उनसे सम्बद्ध विषयों के निर्देशक हो सकेंगे। परन्तु कुलपति एक दूसरे से सम्बद्ध विषयों, जैसा कि उपनियम 3 और उपनियम 9 में उल्लेख किया गया है, के अध्यापकों को सह–शोध–निर्देशक होने की स्वीकृति दे सकेंगे। शोध–निर्देशक जिस विभाग से सम्बद्ध होगा, शोधकर्ता भी उसी विभाग से सम्बद्ध माना जायेगा।

(ङ.) विश्वविद्यालय में अनुसंधान के नये आयामों एवं सम्भावनाओं के सम्बन्ध में नीतियों की स्थापना और उसके क्रियान्वयन के लिये निर्णय लेगा।

(च.) कुलपति की अनुमति से अन्य सम्बन्धित विषय शोध मण्डल के सदस्य/सचिव द्वारा विचारार्थ प्रस्तुत किया जा सकता है।

6.7. प्रस्तावित शोध–विषय एवं शोध–निर्देशक की संस्तुति, शोध–निर्देशक बनने हेतु पात्रता मानदण्ड, पीएच.डी. शोधार्थियों की संख्या, विषय में परिवर्तन आदि की संस्तुति करेगा।

सत्यापित
VERIFIED

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

6.8 प्रवेश पाने के एक वर्ष के भीतर अभ्यर्थी अपने शोध निर्देशक की अनुशंसा के आधार पर विभागीय शोध समिति के माध्यम शोध–मण्डल की स्वीकृति से अपने विषय की योजना में संशोधन कर सकता है ।

7.0. शोध–पर्यवेक्षक का निर्धारण–शोध पर्यवेक्षक, सह–पर्यवेक्षक बनने हेतु पात्रता मानदण्ड, प्रति पर्यवेक्षक के लिए अनुमेय पीएच.डी. शोधार्थियों की संख्या आदि।

7.1. शोध–निर्देशक की नियुक्ति में स्वीकृति के लिए निम्नलिखित–अर्हताएँ अपेक्षित है :–
(अ.) साक्षात्–सम्बद्ध अथवा अंतःशास्त्रीय–रूप से सम्बद्ध–विषय का विद्यावारिधि–उपाधि प्राप्त प्राध्यापक,
(ब.) स्नातकोत्तर–स्तर का शिक्षण अनुभव,

7.2. अन्तः शास्त्रीय–विषय में सह–निर्देशक भी स्वीकृत किए जा सकेंगे। सह–शोध–निर्देशक विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालयों/मानित विश्वविद्यालयों/उच्च–शैक्षणिक–संस्थाओं के आचार्य हो सकते हैं। विद्यावारिधि के छात्रों को विषय–विशेषज्ञता रखने वाले अन्य–विभागों के अध्यापकों के मार्ग निर्देशन में शोधकार्य करने की अनुमति भी प्रदान की जा सकती है।

7.3. विश्वविद्यालय में नियमितरूप से नियुक्त आचार्य/सहाचार्य जिसने किसी संदर्भित–पत्रिका में कम से कम पॉच शोध–प्रकाशन प्रकाशित किए हैं और विश्वविद्यालय में कार्यरत कोई भी नियमित सहायक–आचार्य जो पीएच.डी.–उपाधिधारक हों तथा जिसके संदर्भित–पत्रिकाओं में कम से कम तीन शोध–पत्र प्रकाशित किए गए हों, उसे शोध–पर्यवेक्षक के रूप में मान्यता प्रदान की जा सकती है।

यदि वह उन क्षेत्रों/विधाओं में जहॉ कोई भी संदर्भित–पत्रिका नहीं हों अथवा केवल सीमित संख्या में संदर्भित पत्रिका हो, तो विभागीय–शोध–समिति के संस्तुति पर विश्वविद्यालय का शोध–मण्डल किसी व्यक्ति को शोध–पर्यवेक्षक के रूप में मान्यता प्रदान करने की उपर्युक्त शर्तों में लिखितरूप से कारण दर्ज कर छूट प्रदान कर सकता है।

अनुबंध संकाय सदस्य (एडजंक्ट फैकल्टी) शोध पर्यवेक्षक नहीं हो सकते, वे केवल सह पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर सकते हैं।

ऐसे संकाय सदस्य जिनकी सेवानिवृत्ति को तीन वर्ष से कम की अवधि बची है उन्हें अपने पर्यवेक्षण में नए शोधार्थियों को लेने की अनुमति नहीं होगी। बशर्ते कि, हालॉकि, ऐसे संकाय अपनी सेवानिवृत्ति तक पहले से ही पंजीकृत शोधार्थियों का पर्यवेक्षण जारी रख सकते हैं और सेवानिवृत्ति के पश्चात् सह–पर्यवेक्षक के रूप में 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक ही कार्य कर सकते है उसके बाद नहीं।

7.4. केवल विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक–शिक्षक ही शोध–निर्देशक/पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर सकते हैं। बाह्य पर्यवेक्षकों को अनुमति नहीं है, तथापि, विश्वविद्यालय के अन्य विभागों से अथवा अन्य संबद्ध संस्थानों से अंतर–विषयी क्षेत्रों में सह–पर्यवेक्षकों को शोध–मण्डल के अनुमोदन से अनुमति प्रदान की जा सकती है।

7.5. किसी चयनित–शोधार्थी के लिए शोध–निर्देशक के निर्धारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग द्वारा शोध पर्यवेक्षक विद्वानों की संख्या, पर्यवेक्षकों की विशेषज्ञता तथा विद्वानों की रुचि के आधार पर संस्तुति प्रदान की जा सकती है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के शोध–मण्डल द्वारा विचार किया जा सकता है। शोध–मण्डल की संस्तुति के आधार पर कुलपति द्वारा, जैसा कि सम्बन्धित विद्वान् द्वारा अपने साक्षात्कार/मौखिक साक्षात्कार के समय इंगित किया गया हो, निर्णय लिया जाएगा।

7.6. ऐसे शोध–हेतु शीर्षक जो अंतरविषयी स्वरूप के हैं, जहॉ संबंधित–विभाग यह अनुभव करता है कि विभाग में उपलब्ध–विशेषज्ञ की बाहर से अनुपूर्ति की जानी चाहिए, उस स्थिति में विभाग स्वयं अपने ही विभाग से शोध–पर्यवेक्षक की नियुक्ति करेगा, जिसे शोध–पर्यवेक्षक के रूप में जाना जाएगा और सम्बन्धित विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के बाहर से एक सह–पर्यवेक्षक को ऐसी निबंधन व शर्तों पर सह–पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा जैसा कि सहमति प्रदान करनेवाले संस्थान/महाविद्यालयों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा और जिन पर आपस में सहमति बनेगी।

7.7. किसी एक समय में कोई भी आचार्य के पद पर नियुक्त पदधारी, शोध–निर्देशक (पर्यवेक्षक)/सह निर्देशक के रूप में आठ (08) पीएच.डी. शोधार्थियों से अधिक का मार्गदर्शन नहीं कर सकता है। कोई भी सह–आचार्य, शोध–निर्देशक/सह निर्देशिक के रूप में अधिकतम छः (06) पीएच.डी. शोधार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है तथा शोध–निर्देशक (पर्यवेक्षक) के रूप में

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सहायक–आचार्य अधिकतम चार (04) पीएच.डी. शोधार्थियों को शोध–निर्देशन/ सह निर्देशिक प्रदान कर सकता है ।

7.8. विवाह अथवा अन्यथा किसी कारण से किसी पीएच.डी. महिला–शोधार्थी के अन्यत्र चले जाने पर, शोध–आंकड़ों को ऐसे विश्वविद्यालय को अंतरित करने की अनुमति होगी, जहाँ शोधार्थी पुनः जाना चाहे बशर्ते कि इन नियमों की अन्य सभी निबंधन और शर्तों का शब्दशः पालन किया जाए तथा शोधकार्य किसी मूल–संस्थान/पर्यवेक्षक द्वारा किसी वित्तपोषण–एजेंसी से प्राप्त न किया गया हो, तथापि, शोधार्थी मूल–संस्थान के मार्गदर्शन तथा संस्थान को पूर्व में किए गए शोधकार्य के अंकों के लिए उसे पूर्ण श्रेय देगा।

7.9. किसी विशेष–स्थिति में शोध–निर्देशक को परिवर्तित करने के लिये शोधछात्र द्वारा एक वर्ष के भीतर आवेदन अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से पीठ प्रमुख को प्रेषित किया जा सकता है। पीठ प्रमुख की संस्तुति के उपरान्त कुलपति द्वारा शोध–निर्देशक को परिवर्तित करने के सम्बन्ध में निर्णय लिया जा सकता है।

7.10 शोध–निर्देशक के स्थानान्तरण/सेवामुक्ति/प्रतिनियुक्ति की स्थिति में शोध–निर्देशक परिवर्तन की आवश्यकता होने पर छात्र विभागाध्यक्ष/विभागीय शोध–समिति के निर्देश और कुलपति की अनुमति से निश्चित शोध निर्देशक के अधीन शोधकार्य करेगा। शोधकार्य पूर्ण होने पर दुर्भाग्यवश निर्देशक की मृत्यु की स्थिति में विभागीय शोध–समिति के माध्यम से अनुमति लेकर नियमानुसार छात्र शोधप्रबन्ध विभागाध्यक्ष के निर्देशन में जमा कर सकते हैं। ऐसे शोधछात्र की गणना शोध निर्देशक के लिये निर्धारित शोधछात्रों की संख्या में सम्मिलित नहीं की जायेगी।

8.0 कोर्स वर्क–क्रेडिट आवश्यकताएं, संख्या, अवधि, पाठ्यक्रम पूरा करने के लिय न्यूनतम मानदण्ड आदि।

8.1 सभी पीएच.डी. शोधार्थी को अपने डॉक्टरेट अवधि के दौरान अध्ययन के विषय की परवाह किए बिना अपने चुने हुए पीएच.डी. विषय से संबंधित शिक्षण/शिक्षा/शिक्षाशास्त्र/लेखन में प्रशिक्षण प्राप्त करने होंगे। पीएच.डी. शोधार्थियों को ट्यूटोरियल या प्रयोगशाला कार्य और मूल्यांकन के संचालन के लिए प्रति सप्ताह 4–6 घंटे शिक्षण/शोध सहायक के कार्य भी सौंपे जा सकते है।

8.2 एक पीएच.डी. शोधार्थी को पीएच.डी. कार्यक्रम को जारी रखने और अपनी शोध प्रबंधन (थीसिस) जमा करने हेतु पात्र होने के लिए न्यूनतम 55 अंक या यूजीसी 10 पॉइंट स्केल में इसके समकक्ष ग्रेड प्राप्त करना होगा।

8.3 पीएच.डी. कोर्स वर्क के लिए कम से कम 12 क्रेडिट की आवश्यकता होगी, जिसमें शोध और प्रकाशन नैतिकताष कोर्स, जैसा कि यूजीसी द्वारा डी.ओ. मि० सं० 1–1/2018 (जर्नल/केयर) 2019 में अधिसूचित है और जिसने एक शोध पद्धति पाठ्यक्रम शामिल है। शोध सलाहकार समिति पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए क्रेडिट आवश्यकताओं के हिस्से के रूप में यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की सिफारिश भी कर सकती हैं।

8.4 पाठ्यक्रम–सम्बन्धी–कार्य को पीएच.डी. की तैयारी के लिए पूर्वापेक्षा माना जाएगा। शोध पद्धति पर एक या एक से अधिक पाठ्यक्रम को कम से कम चार क्रेडिट दिए, जाएंगे जिसमें शास्त्रीय शोध पद्धतिः, पाण्डुलिपिविज्ञानं पाठालोचनञ्च, शोधसर्वेक्षणम्/अनुसन्धानं प्रकाशननैतिकता च, कम्प्यूटर–अनुप्रयोग, शोध–सम्बन्धी–आधार तथा संगत–क्षेत्रों में प्रकाशित शोध की समीक्षा आदि सम्मिलित हैं।

8.5 पीएच.डी. के लिए विहित सभी पाठ्यक्रम तथा पाठ्यक्रम संबंधी कार्य क्रेडिट घंटे संबंधी अनुदेशात्मक–अपेक्षाओं के अनुरूप होगा तथा वह विषयवस्तु अनुदेशात्मक तथा मूल्यांकन सम्बन्धी–पद्धतियों को विनिर्दिष्ट करेगा।

8.6 **पीएच.डी. कार्यक्रमों में प्रवेश–प्राप्त सभी छात्रों को प्रारम्भिक प्रथम अथवा दो सेमेस्टरों के दौरान विभाग द्वारा विहित–पाठ्यक्रम–सम्बन्धी कार्य को पूर्ण करना अपेक्षित होगा अन्यथा अस्थाई पंजीकरण निरस्त माना जाएगा।**

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

8.7. शोध पद्धति पाठ्यक्रमों सहित पाठ्यक्रम–सम्बन्धी–कार्य में ग्रेड को, शोध–समीक्षा/सलाहकार समिति द्वारा समेकित मूल्यांकन किये जाने के बाद अंतिमरूप दिया जायेगा।

8.8. पीएच.डी. शोधार्थी को पाठ्यक्रम–सम्बन्धी कार्य में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करना होगा जिससे वह पाठ्यक्रम को जारी रखने के लिये पात्र हो, तथा उसे शोधप्रबन्ध, जैसा निर्धारित हो, जमा करना होगा।

9.0. शोध–समीक्षा–समिति/शोध –सलाहकार–समिति तथा इसके प्रकार्य :

9.1. शोध–समीक्षा/सलाहकार–समिति का गठन निम्नलिखित सदस्यों से युक्त होगाः

1.	संबंधित पीठ प्रमुख	–	अध्यक्ष
2.	संबंधित विभागाध्यक्ष	–	समन्वयक
3.	संबंधित मार्गनिर्देशक	–	सदस्य संयोजक
4.	कुलपति द्वारा नामित एक बाह्य–विषय–विशेषज्ञ	–	सदस्य

शोध–समीक्षा–समिति विभाग के शोधछात्रों के शोध की प्रगति का मूल्यांकन करेगी और प्रत्येक शोधछात्र के शोधकार्य की प्रगति की समीक्षा प्रति 6 मास पर करेगी। विभागीय शोध समीक्षा–समिति की संस्तुति के उपरान्त ही शोधछात्र का षाण्मासिक–प्रगति–विवरण स्वीकार किया जाएगा और छात्रवृत्ति प्राप्त करने की संस्तुति की जायेगी।

शोधछात्र के द्वारा शोधकार्य पूर्ण करने सम्बन्धी प्रार्थनापत्र के प्राप्त होने के अनन्तर पर शोध–समीक्षा–समिति द्वारा सम्बन्धित शोधकार्य की पूर्ति हेतु कम से कम विगत तीन वर्ष के शोधकार्य की प्रगति का मूल्यांकन किया जायेगा। शोध–समीक्षा–समिति शोधछात्र द्वारा किये गये शोध कार्य का सर्वांगीण परीक्षण करने के उपरान्त शोध की गुणवत्ता, उसकी वस्तुनिष्ठता, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन की स्थिति आदि की समीक्षा कर अपनी संस्तुति प्रदान करेगी।

प्रति–शैक्षणिक–वर्ष में शोध–समीक्षा/सलाहकार–समिति की दो बैठकें आयोजित की जाएंगी।

9.2. शोधार्थी को अध्ययन ढॉचे तथा पद्धति को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना तथा उसके द्वारा पूर्ण किए जाने वाले पाठ्यक्रम की पहचान कराना ।

9.3. शोधार्थी के शोधकार्य की आवधिक–समीक्षा करना तथा प्रगति में सहायता करना।

9.4 शोधार्थी छः माह में एक बार शोध–समीक्षा/सलाहकार–समिति के समक्ष उपस्थित होकर मूल्यांकन तथा आगे का मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए अपने कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में संगणक के माध्यम से एक प्रस्तुति देगा। शोध–सलाहकार–समिति द्वारा षाण्मासिक–प्रगति–रिपोर्ट की प्रति उसकी पत्रावली में, एक प्रति सम्बन्धित–विभाग को तथा एक प्रति शोधार्थी को भेजी जाएगी।

9.5. यदि शोधार्थी की प्रगति असंतोषजनक हो तो, शोध–सलाहकार–समिति इसके कारण का उल्लेख करेगी तथा उपचारात्मक–उपाय सुझाएगी। यदि शोधार्थी इन उपचारात्मक–उपायों को कार्यान्वित करने में असफल बना रहता है, तो शोध–समीक्षा/सलाहकार–समिति शोधार्थी के पंजीकरण को रद्द करने के विशिष्ट–कारण प्रस्तुत करते हुये कुलपति को संस्तुति कर सकती है।

10.0. पीएच.डी. शोधप्रबन्ध जमा करने से पूर्व आवश्यक–निर्देशों का अनुपालन

10.1. विद्यावारिधि–सत्रीय–पाठ्यक्रम का आयोजन यू.जी.सी. के नियमानुसार पूर्णकालिक है। इसमें सत्रीय पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ–साथ पंजीकरण की तिथि से तीन वर्षों तक नियमितरूप से प्रतिमास 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। शोधछात्र द्वारा 75 प्रतिशत उपस्थिति पूर्ण नहीं करने की स्थिति में शोधछात्र को तब तक लगातार उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जब तक शेष उपस्थिति को पूरा कर 75 प्रतिशत उपस्थिति पूर्ण नहीं हो पाती ।

सत्यापित
VERIFIED

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

10.2. चिकित्सा–हेतु चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में कम से कम 65 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। यह लाभ उन्हीं छात्र/छात्राओं को प्राप्त हो सकेगा जो इस आशय का चिकित्सकीय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे।

10.3. पूर्व–पीएच.डी. अनिवार्य–पाठ्यक्रम है, अतः सभी शोधार्थी को इसे कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करना होगा, अन्यथा उनका पंजीकरण निरस्त हो जायेगा।

10.4. सत्रीय–पाठ्यक्रम की सत्रान्त–परीक्षा उत्तीर्ण करनेवाले छात्र अपनी अंकतालिका की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि, संदर्भ–पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्रों की प्रतिलिपि और संगोष्ठी में प्रस्तुत शोधपत्रों की प्रतिलिपि, शोधप्रबन्ध की दो सी.डी./डी.वी.डी. जिसमें शोधप्रबन्ध यथावत् प्रस्तुत हो एवं शोध निर्देशक द्वारा प्रमाणित हो, को शोधप्रबन्ध के साथ अवश्य संलग्न करेंगे, जिससे उन्हें यथोचित विद्यावारिधि का प्रमाणपत्र परीक्षा–विभाग से दिया जा सके। शोधप्रबन्ध की सी.डी./डी.वी.डी. पर स्थायी मार्कर द्वारा शोध–शीर्षक, शोधछात्र का नाम, विभाग का नाम अंकित करना एवं शोध निर्देशक द्वारा प्रमाणित किया जाना आवश्यक है।

10.5. समस्त आवश्यक–प्रपत्रों के साथ शोधप्रबन्ध विश्वविद्यालय के शैक्षणिक–अनुभाग में जमा किया जायेगा। शैक्षणिक–अनुभाग सम्बन्धित प्रमाणपत्रों एवं नियमों की पूर्ति–सम्बन्धी विवरण की जॉच करेगा। शोध प्रबन्ध के नियमानुकूल पाये जाने की स्थिति में 15 दिनों के अन्दर परीक्षा–अनुभाग को आवश्यक–कार्यवाही–हेतु प्रेषित करेगा।

10.6 शोधछात्र को शोधप्रबन्ध के मूल्यांकन–हेतु प्रबन्ध–शुल्क रु. 1000/– लेखा–विभाग में जमा करवाने होंगे । शोधप्रबन्ध–शुल्क जमा करवाने के उपरान्त ही शोधप्रबन्ध अग्रिम–कार्यवाही–हेतु परीक्षा–विभाग को प्रेषित किये जायेंगे ।

11.0. विद्यावारिधि–पाठ्यक्रम में पंजीकृत–छात्रों की उपस्थिति, प्रगति विवरण एवं अनुशासन

11.1. प्रत्येक विभागाध्यक्ष के पास प्रत्येक शोधछात्र की उपस्थिति एवं प्रगति पंजिका रखी जाएगी, जिसमें उसके विभागीय अध्यापकों के निर्देशन में कार्यरत शोधछात्र की नियमित उपस्थिति और उसके षाण्मासिक–प्रगति–विवरण का अंकित होना अनिवार्य है। प्रगति–विवरण की पुष्टि के अनन्तर ही शोधछात्र का शोध–प्रबन्ध विभागाध्यक्ष द्वारा परीक्षा के लिए अग्रसारित किया जाएगा।

11.2. यदि कोई छात्र तीन माह तक बिना किसी स्वीकृति के अनुपस्थित रहता है, तो उसका प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।

11.3. प्रत्येक शोधछात्र के लिये अपना षाण्मासिक–प्रगति–विवरण शोधनिर्देशक एवं विभागाध्यक्ष से संस्तुत एवं अग्रसारित कराकर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक–अनुभाग में समय से जमा कराना अनिवार्य होगा।

11.4. प्रत्येक शोधछात्र को मूल शैक्षिक–अवधि (तीन वर्ष) में प्रतिमास न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अंकित करना अनिवार्य है। प्रत्येक माह के प्रथम कार्यदिवस पर विगत माह की उपस्थिति पंजिकाएं पीठ प्रमुख के माध्यम से शैक्षिक–अनुभाग में उपस्थिति–विवरण–हेतु भेजी जायेंगी। प्रत्येक शोधछात्र के मासिक–उपस्थिति का विवरण पीठ प्रमुख के पास भी प्रस्तुत किया जायेगा। यदि किसी माह में छात्रवृत्ति प्राप्त करनेवाले शोधार्थी की अनुपस्थिति 10 दिनों से अधिक होगी, तो उसे उस माह की छात्रवृत्ति प्रदान नहीं की जायेगी एवं किसी भी परिस्थिति में इसे आगामी माह की उपस्थिति में समायोजित नहीं किया जायेगा।

11.5. सत्रीय–पाठ्यक्रम में छात्र की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। न्यूनतम–उपस्थिति–अवधि में कोई छूट प्रदान नहीं की जायेगी। गम्भीर–रुग्णता की स्थिति में पंजीकृत–चिकित्सक द्वारा प्रदत्त चिकित्सकीय–प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर कुलपति द्वारा अधिकतम 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा सकती है।

11.6. अनुसन्धाता को दिल्ली में रहकर शोधकार्य करना होगा, किन्तु अनुसन्धान–सम्बन्धी–कार्य के लिए अन्यत्र रहना आवश्यक होने पर मार्ग–निर्देशक की संस्तुति, विभागाध्यक्ष तथा पीठ प्रमुख की स्वीकृति पर अधिक से अधिक एक माह तथ्य–संकलन के लिये बाहर रहने की अनुमति कुलसचिव/कुलपति द्वारा दी ज़ा सकती है। तीन वर्ष में अधिक से अधिक 2 माह की अनुमति तथ्य संकलन के लिये मिल सकती है। जे.आर.एफ. शोधार्थी यू.जी.सी एवं अन्य संस्थाओं से प्राप्त फैलोशिप के सम्बन्ध में सम्बद्ध संस्था के नियम लागू होंगे, नियम स्पष्ट न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय के नियम ही लागू होंगे । इस सम्बन्ध में छात्र को आवेदन पत्र विभाग के माध्यम से शैक्षणिक विभाग को प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

सत्यापित
VERIFIED

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

11.7. प्रत्येक अनुसन्धाता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर आयोजित संगोष्ठियों तथा व्याख्यानों में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है एवं शोधावधि में कम से कम दो मौलिक शोध–निबन्ध संगोष्ठियों में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

11.8. अभ्यर्थी जिसको विद्यावारिधि के लिए पंजीकरण की स्वीकृति प्रदान की गयी हो, विश्वविद्यालय अथवा अन्य किसी विश्वविद्यालय या परीक्षण संस्था में किसी भी अन्य उपाधि अथवा परीक्षा के लिए नामांकन या प्रवेश नहीं करा सकेगा।

11.9 शोधनिर्देशक/विभागाध्यक्ष और पीठम् प्रमुख से यदि किसी शोधछात्र के आचरण एवं सामान्य व्यवहार के सम्बन्ध में प्रतिकूल–टिप्पणी प्राप्त होने पर अनुशासन–समिति की संस्तुति पर कुलपति द्वारा कम से कम एक माह के लिये निलम्बित किया जा सकता है और शोधावधि में ऐसी तीन शिकायतों की स्थिति में सम्बन्धित शोधछात्र का पंजीयन निरस्त किया जा सकता है।

11.10. जे.आर.एफ./नेट/स्लेट परीक्षा–उत्तीर्ण विद्यावारिधि के छात्रों को स्नातक–स्तरीय–कक्षाओं में अध्यापन का दायित्व प्रदान किया जा सकता है।

11.11. ऐसे अभ्यर्थी, जो पीएच.डी. पाठ्यक्रमों के लिए 07 नवम्बर, 2022 को अथवा उसके पश्चात् इन विनियमों की अधिसूचना की तिथि तक पंजीकृत हुए थे, ऐसे अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान किया जाना इन यूजीसी (पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने के न्यूनतम मानक एवं विधि) विनियम, 2016 के प्रावधानों द्वारा अभिशासित होगा।

11.12. विश्वविद्यालय में पंजीकृत विद्यावारिधि के शोधछात्र शोधकाल में प्रतिवर्ष पूर्वघोषित राजपत्रित अवकाश के पात्र होंगे।

11.13. श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय विद्यावारिधि (पीएच.डी.) उपाधि नियमावली, 2022 के प्रावधानों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2022 के समस्त अन्य प्रावधानों तथा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों को विश्वविद्यालय में विद्यावारिधि–उपाधि प्राप्त करने के लिये यथावत् स्वीकार किया जायगा।

11.14. विद्यावारिधि–उपाधि–विनियम, 2022 के प्रावधानों के अन्तर्गत शोध के लिए पंजीकृत–छात्रों को तीन वर्ष की नियमित उपस्थिति और सम्बन्धित अवधि में शोध की संतोषजनक–प्रगति–रिपोर्ट के बाद नियमित–उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी। तीन वर्ष के उपरान्त भी शोधछात्र को शोधप्रबन्ध जमा करने की निर्धारित अवधि में शोधप्रगति–विवरण प्रति छः माह में जमा करना अनिवार्य होगा जिससे उसे शोध–समीक्षा–समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

11.15. जे.आर.एफ. एवं अन्य शोध अध्येयतावृत्ति प्राप्त पंजीकृत शोध छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/सम्बन्धित संस्था द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में प्रगति विवरण/**निरंतर**ता प्रमाणपत्र एवं अन्य वांछित प्रपत्र शैक्षणिक विभाग में जमा न करवाने की स्थिति में सम्बन्धि छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा।

12.0. उपाधि आदि प्रदान करने के लिए मूल्याकंन तथा निर्धारण–पद्धतियॉं, न्यूनतम–मानदण्ड/क्रेडिट आदि

12.1 शोध–प्रबन्ध को जमा करने से पूर्व, शोधार्थी विश्वविद्यालय की विभागीय शोध समिति /सलाहकार–समिति के समक्ष संगणक के माध्यम से एक प्रस्तुति देगा, जिसमें पीठ के सभी सदस्यगण तथा अन्य शोधार्थी उपस्थित होंगे। उनसे प्राप्त हुई प्रतिपुष्टि तथा टिप्पणियों को शोध–समीक्षा/सलाहकार–समिति के परामर्श के अनुरूप–सामग्री थीसिस में उपयुक्त रूप से शामिल की जायेगी। समिति की अनुशंसा के अनुसार पूर्व पीएच.डी. प्रस्तुतिकरण की तिथि से तीन माह और छः वर्ष की शोध अवधि जो भी पहले हो के भीतर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना शोध प्रबन्ध तैयार कर मूल्यांकन हेतु शैक्षणिक विभाग में जमा करवाना अनिवार्य होगा।

12.2 मूल्यांकन किए जाने हेतु शोध-प्रबन्ध जमा करने से पूर्व पीएच.डी शोधार्थी संदर्भित–पत्रिका में आई.एस.एस.एन. सहित अपने विषय से सम्बन्धित कम से कम दो शोधपत्र अनिवार्यरूप से प्रकाशित कराएगा तथा अपने थीसिस प्रस्तुत करने से पूर्व सम्मेलनों/संगोष्ठियों में न्यूनतम दो शोधपत्र प्रस्तुत करेगा तथा इनके सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण प्रमाणपत्र अथवा पुनर्मुद्रणों के रूप में साक्ष्य शोधप्रबन्ध के परिशिष्ट भाग में संलग्न करेगा। शोधछात्रों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले शोध प्रबन्ध के मुख्य–पृष्ठ के लिए मेरून रंग विश्वविद्यालय के गोल्डन–लोगो–सहित निर्धारित किया गया है । सभी शोधछात्र निर्धारित रंग के अनुसार अपना शोधप्रबन्ध मुख्य–पृष्ठ तैयार करेंगे।

12.3 सुविकसित–सॉफ्टवेयर तथा उपकरणों के विकास द्वारा साहित्यिक चोरी तथा शिक्षा–सम्बन्धी छल–कपट का पता लगाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित शोध–समीक्षा–समिति द्वारा परीक्षण

सत्यापित
VERIFIED

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कराकर उचित–कार्यवाही की जाएगी। थीसिस को मूल्याकंन–हेतु जमा करने से पूर्व शोधार्थी से एक शपथ–पत्र प्राप्त किया जायेगा तथा शोध–पर्यवेक्षक द्वारा कार्य की मौलिकता के अनुप्रमाणन–स्वरूप एक प्रमाणपत्र जमा करना होगा, जिसमें यह आश्वासन दिया जाएगा कि किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी नहीं की गई है तथा यह कार्य विश्वविद्यालय में किसी अन्य उपाधि/डिप्लोमा पाठ्यक्रम उपाधि प्रदान करने के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया है । शोधप्रबन्ध प्रस्तुत करते समय शोधछात्रों को निम्नलिखित प्रमाणपत्रों को संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

01. रचनास्वत्त्वाधिकार–प्रमाणपत्रम्
02. शोधच्छात्रस्य प्रतिज्ञापत्रम्
03. शोधच्छात्रस्य घोषणापत्रम्
04. शोधप्रविधिपरीक्षाप्रमाणपत्रम्
05. प्रस्तुति–पूर्व–सङ्गोष्ठीसफलताप्रमाणपत्रम्
06. रचनास्वत्त्वाधिकारहस्तान्तरणप्रमाणपत्रम्

12.4 शोधार्थी द्वारा जमा किये गए पीएच.डी. शोधप्रबंध का मूल्यांकन कम से कम दो बाह्य–परीक्षकों द्वारा किया जाएगा जो विश्वविद्यालय में नियोजित न हों, जिनमें से एक परीक्षक विदेश से भी हो सकता है। अन्य बातों के साथ–साथ मूल्यांकन रिपोर्ट में की गई आलोचना पर मौखिक–परीक्षा, शोध–पर्यवेक्षक तथा दो बाह्य–परीक्षकों में से कम से कम एक बाह्य–परीक्षक द्वारा की जाएगी, इसमें विभाग तथा पीठ के सदस्यगण और अन्य शोधार्थी या इस विषय में रुचि लेने वाले अन्य विशेषज्ञ/शोधकर्ता भी भाग ले सकते हैं।

